कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208 002

पत्र सं0: 23 /शैक्षिक/2021 दिनांक: 26/04/2021

:: कार्यालय ज्ञाप ::

शैक्षिक सत्र 2020–21 में अध्ययनरत् प्रथम वर्ष के छात्रों की **विषम संख्यक सेमेस्टर की नियमित परीक्षायें** दिनांक 03–08 मई, 2021 के मध्य ऑनलाइन होना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष के बी0टेक0, एम0सी0ए0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि ऐसे छात्रों हेतु विषम संख्यक सेमेस्टर के नियमित परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक 27/04/2021 से विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर Student Portal (ERP) पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। समस्त प्रथम वर्ष के छात्र वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा फार्म को ऑनलाइन दिनांक 30/04/2021 दिन शुक्रवार तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन छात्रों के द्वारा इन्रोलमेन्ट फार्म पूर्ण नहीं किया गया है, ऐसे छात्र अपना इन्रोलमेन्ट फार्म दिनांक 30/04/2021 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि दशा में छात्रों को परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की स्वयं की होगी।

(ललित कुमार सिंह)
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि :

1. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को "Examination Notice 2020-21 (Odd Semester) for First Year student" शीर्षक से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित कराने का कष्ट करें तथा ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया की आवश्यक निगरानी भी करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(ललित कुमार सिंह)
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप